**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# पंचायत क्षेत्र के क्वारंटाइन सेंटरों की स्थिति बेहद दयनीय

**पीड़ा**

## बाहरी प्रदेशों से आ रहे प्रवासी क्वारंटाइन के नाम पर भुगत रहे है सजा

■उपजिलाधिकारी ने प्रवासियों के साथ हो रही दिक्कतों को सुलझाने का किया प्रयास

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। काफी जद्दोजहद करने के बाद बाहरी प्रदेशों से अपने गृह क्षेत्र के पंचायतों के संस्थागत क्वारंटाइन सेंटरों में क्वारंटाइन में रह रहे प्रवासियों को अब सजा जैसी भुगतनी पड़ रही है। बता दें कि सीमांत जनपदों के पंचायत के संस्थागत क्वारंटाइन सेंटरों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। हालत यह है कि जमीन में सोने को प्रवासियों को मजबूर होना पड़ रहा है। वही इनके लिए पर्याप्त बिस्तर तक नही है। वही 16 लोगों को एक ही शौचालय का प्रयोग करना पड़ रहा है। इन लोगों को पीने के लिए मात्र दो लीटर पानी मिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक यह मामला बेरीनाग विकास खण्ड के प्रमुख पर्यटक स्थल चौकोडी के क्वारंटाइन



सेंटर से जुडा हुआ है। यहां पर कुछ होटलों को क्वारंटाइन सेंटर के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां हालात यह है कि रोजाना क्वारंटाइन सेंटर में बाहर से आने वाले प्रवासियों की तादात बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर रजाई गद्दे कम होने से क्वारंटाइन सेंटरों में क्वारंटाइन में रह रहे प्रवासियों को ठिठुरने को मजबूर होना पड़ रहा है।

पेज थ्री संवाददाता ने क्वारंटाइन सेंटर में गुजरात से पहुचे प्रवासी युवक गोकुल सिह से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनको रात में ठंड से ठिठुरते हुए फर्श पर बिस्तर लगाकर सोने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि यह क्वारंटाइन सेंटर चौकोडी एक जाना माना पर्यटक स्थल है। यहां पर क्वारंटाइन प्रवासियों में खासा दर्द देखने को मिल रहा है। दूसरे प्रवासी युवक ने बताया कि यहां 16 लोगों को एक ही शौचालय प्रयोग के लिए मिल रहा है वही उस पर ज्यादातर ताला लगा रहने की वजह से इसके प्रयोग के लिए बार बार अनुरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सीमांत जनपद के पंचायत क्षेत्रों के क्वारंटाइन सेंटरों में प्रवासियों के क्वारंटाइन को लेकर की गई व्यवस्था नकाम साबित हो रही है।

वही जिला मुख्यालय के गंगोत्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में व्यवस्थाओं को लेकर प्रवासियों ने जबरदस्त हंगामा काटा है। जिले के सबसे बडे बालिका इंटर कालेज में व्यवस्थाओं के नाम पर प्रवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। देर सांय मौके पर पहुचे उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने इस क्वारंटाइन सेंटर में जाकर प्रवासियों के साथ हो रही दिक्कतों को सुलझाने का प्रयास किया। काफी जद्दोजहद के बाद प्रवासियों को ओड़ने के लिए बिस्तर व खाने के सामान उपलब्ध कराये गये। जिले के क्वारंटाइन सेंटर में अव्यवस्था को लेकर प्रवासियों में प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी देखने को मिली है।

### गंगोलीहाट में एक सप्ताह बाजार बंद रखेगे व्यापारी

पिथौरागढ। सीमांत तहसील गंगोलीहाट में लगातार बढ रहे कोरोना पाजिटिवों के मामले को लेकर गंगोलीहाट व्यापार संघ में हड़कंप मच गया है। क्षेत्र के व्यापार संघ ने अब इलाके में एक सप्ताह तक बाजार बंद रखे जाने की संसुति जताई है। बता दें कि क्षेत्र में बीते तीन दिन पूर्व से सबसे ज्यादा कोरोना पाजिटिव के मामले सामने आये है। क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल देखने को मिल रहा है।

## न्यूज डायरी

### जनपद के थाने में नये कोतवाल ने संभाला कार्यभार

**संवाददाता** पिथौराग़ढ़। जनपद में नये कोतवाल का कार्यभार रमेश सिह तनवार ने संभाल लिया है। बता दें कि अब तक जिले में कोतवाल का काम देख रहे ओपी शर्मा को एसपी कार्यालय से संबद्व कर दिया गया है। वही जिले के नये कोतवाल रमेश तनवार को डीडीहाट से जिला मुख्यालय स्थानांरित किया गया है। तनवार पहले दून में भी अपनी सेवा दे चुके है।

### दुष्कर्म का आरोपी तीन साल बाद हिरासत में

**संवाददाता** पिथौराग़ढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी के तल्ला जौहार मे नाबालिग से दुराचार करके भागा आरोपित युवक हरीश सिंह को तीन साल बाद नाचनी थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज होनेके बाद किशोरी के परिवार वालों के बयान के आधार पर थानाअध्यक्ष दीपक बिष्ट ने चिलकिया पुल के पास से पकडकर हिरासत में ले आये है। वही आरोपी के द्वारा किशोरी के परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 376 3/4 के आधार के पर केस दर्ज किया गया है।

### शादी को लेकर मंदिरों में हो रही भीड़ को लेकर ग्रम प्रधान रोष में

**संवाददाता** पिथौरागढ। कोरोना संकट के मददेनजर जिले में बारात निकालने की अनुमित नही दी जा रही है। बता दें कि प्रशासन द्वारा कम से कम लोगों को ले जाकर शादी करने की अनुमति दी गई है। वही जिले के कुछ पर वधू पक्षें के द्वारा इस मिली छूट का गलत फायदा उठाया जा रहा है। मोस्टमानू की ग्रम प्रधान मंजू देवी ने बेवजह मदिरों में भीड लगाने वालों के खिलाफ जिलाधिकारी से पत्र के माध्यम से शिकायत की है कि आयोजन के नाम पर भीड़ बढ़ाने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कारवाही होनी चाहिए।

### कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज तीन चरणों में होगा

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में अब कोरोना पाजिटिव मरीजों का इलाज तीन चरणों किया जायेगा। पहले चरण में संक्रमित मरीजों कां इलाज निर्माणाधीन बेस चिकित्सालय में किया जायेगा। यदि मरीज को अगर थोडी परेशानी होगी तो उसे जिला चिकित्सालय में भेजा जायेगा। वही मरीज अगर ज्यादा ही सीरियस होगा तो उन्हें सुशीला तिवारी हल्द्वानी रेफर किया जायेगा। यह जानकारी जिलाधिकारी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। जिलाधिकारी ने बताया कि संक्रमित मरीजों के 14 दिन बाद दोबारा सैपल जांच के लिए भेजे जायेंगे।

# क्वॉरेंटाइन सेंटर्स मामले में न्यायपालिका की फटकार

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी कहा कि कोरोना महामारी के दौरान प्रदेश भर में क्वॉरेंटाइन किए जा रहे लोगों को जिस प्रकार बदहाल स्थिति में सैंटरो में रखा जा रहा है, उनकी हालत सरकार ने रोहिंग्या जैसी बना दी है। उन्होंने कहा कि क्वारेंटाइन सेंटर्स मामले में न्यायपालिका की फटकार से भी सरकार नहीं चेत रही है।

यहां जारी एक बयान में नेगी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के पास महामारी से संबंधित दोनों विभाग (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं आपदा) हैं, लेकिन इसके बावजूद उच्च न्यायालय को प्रदेश के लोगों को मुकम्मल सुविधाएं मुहैया कराने, लोगों को हो

**राजभवन से मांग**

**जनता के दर्द को दूर करने के लिए स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा ले**

रही असुविधा आदि मामले यथा उनके भोजन, साफ–सफाई, बिस्तर– चारपाई आदि तमाम असुविधाओं को लेकर जो फटकार लगाई है। नेगी ने कहा कि इस अदूरदर्शी एवं गैर जिम्मेदार सरकार के लिए मा. न्यायालय का हस्तक्षेप चाबुक डूब मरने के लिए काफी है।

नेगी ने कहा कि दो–तीन दिन पहले क्वॉरेंटाइन सेंटर में बच्ची की सांप द्वारा डसने से मौत होना बहुत चिंताजनक बात है। मोर्चा राजभवन से भी मांग करता है कि जनता के दर्द को दूर करने के लिए स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लें, जिससे इस महामारी से लड़ा जा सके।



**विनायक दामोदर वीर सावरकर का किया स्मरण**

देहरादून। विनायक दामोदर वीर सावरकर के 137 वी जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने अपने शासकीय आवास पर सावरकर के चित्र पर पुष्पित माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि राष्ट्र की विचारधारा को विकसित करने का सबसे बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है ।

# आंगनवाडी कार्यकत्रियों का उत्पीड़न कर रहे ग्राम प्रधान

**संवाददाता**

■जिलाधिकारी को पत्र, कार्यवाही की मांग

देहरादून। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल से ग्राम प्रधानों द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्त्रियों को प्रताडित किये जाने की शिकायत की है और इस ओर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी टिहरी गढ़वाल द्वारा यह अवगत कराया गया है कि कोरोना वायरस कोविड–19 ग्राम प्रधानों द्वारा उप जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को एक शिकायत पत्र द्वारा यह बताया गया है कि उनके द्वारा क्षेत्र में कार्य नहीं किया जा रहा है जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अपने क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभागीय अधिकारियों के आदेशानुसार अपने क्षेत्र में आए हुए बाहरी व्यक्तियों की सूची बनाकर लगातार विभाग को प्रेषित कर रहे हैं साथ ही गृह भ्रमण कर उनके स्वास्थ्य की हाल–चाल पूछ विभाग को बताने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आंगनवाडी कार्यकत्रियां गर्भवती, धात्री जीरो से 6 वर्ष के बच्चों बच्चे गृह भ्रमण कर उनको राशन वितरण कर अपने क्षेत्र में आने वाले बाहरी लोगों को संपर्क में न जाने की बात को समझा रहे हैं और प्रधानों द्वारा हम लोगों को गांव में आए हुए लोगों को क्वारंटाइन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है जबकि विभाग द्वारा आदेशित कार्य प्रत्येक दिन के बाहर से आये हुए लोगों की सूची बनाकर विभाग को प्रेषित करें। हम लोग अपने क्षेत्रीय सुपरवाइजर को प्रेषित कर रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि ग्राम प्रधानों के खिलाफ सकारात्मक कार्यवाही की जाये और इस कोरोना वायरस कोविड 19 जैसी खतरनाक बीमारी में इनका क्वारंटाइन सैन्य कर्मियों के साथ ड्यूटी लगाये जाने पर हमेशा खतरा बना हुआ है।

### जिला प्रशासन की सूचना की अनदेखी कर रहे है निजी क्लीनिक के संचालक

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले के प्रशासन को मुख्यालय के व्यक्ति रविन्द्र ने गुप्त सूचना दी कि मुख्यालय के चिमस्यानौला में निजी क्लीनिक घर में रोगियों का इलाज करने वाले डा पी सी पंत के यहां हाल ही में एक कोरोना पाजिटिव मरीज उनके सपंर्क में आकर काफी देर उनसे इलाज कराने आया था मगर वही प्रशासन को अस बात की खबर मिली तो प्रशासन ने मौके पर जाकर चौथे दिन डा पंत के परिवार को क्वारंटाइन होने के आदेश दिये वही डा द्वारा प्रशासन के नियमों की अवहेलना की जा रही है। बता दें कि डा के क्लरनिक में रोजाना मराजों को देखा जा रहा है। वही ऐसे में जिला प्रशासन ने पंत को एक बार फिर से हिदायत दी किवे अगर नियमों की अवहेलना करेगें तो उन पर अनुशासनात्मक कारवाई करने के साथ उनके क्लीनिक को सीज कर दिया जायेगा। बता दें कि जिलेमें उनके क्लीनिक में पांच सौ भी ज्यादा लोगों को अब तक देखा जा चुका है।